मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-18
07/01/2020

मुख्यमंत्री ने पूर्णिया के रूपसपुर खगहा पंचायत में जल–जीवन–हरियाली से संबंधित विभिन्न कार्यों का किया अवलोकन

पटना, 07 जनवरी 2020 :– जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया जिले के धमदाहा प्रखण्ड के रूपसपुर खगहा पंचायत में विभिन्न योजनाओं का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री का स्वागत कर्मा नृत्य की प्रस्तुति के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पैक्स गोदाम का निरीक्षण किया एवं सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत जीर्णोद्धार कराये गये तालाब का भ्रमण करने के पश्चात पंचायत सरकार भवन में आर0टी0पी0एस0 काउंटर का निरीक्षण किया। जल–जीवन–हरियाली अभियान को लेकर चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान में भी मुख्यमंत्री ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और अपने हस्ताक्षर किये। डी0आर0डी0ए0 द्वारा कचरा प्रबंधन के उपयोग के बारे में दर्शाये गये तरीकों को मुख्यमंत्री ने बारीकी से देखा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने ऑगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी स्व0 केदारनाथ चौधरी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने डॉ0 लक्ष्मी नारायण सुधांशु पुस्तकालय का उद्घाटन एवं इसका अवलोकन किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, गन्ना उद्योग मंत्री श्रीमती बीमा भारती, पर्यटन मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, सांसद श्री संतोष कुशवाहा, विधायक श्रीमती लेसी सिंह, महापौर श्रीमती सविता देवी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पूर्णिया के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******